# आईआईएम में एकेडमिक लीडर्स तैयार करने 15 से 19 तक विशेष प्रशिक्षण

रायपुर | आईआईएम रायपुर के सेंटर फॉर पब्लिक मैनेजमेंट ने शिक्षाविदों को प्रशासनिक नेतृत्व की नई भूमिकाओं के लिए तैयार करने की मुहिम शुरू की है। फ्यूचर लीडर तैयार करने के लिए आईआईएम रायपुर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। पांच दिवसीय रेजिडेंसियल प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगा। इसमें देशभर के केंद्र सरकार से वित्त पोषित संस्थानों के साथ ही राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं, यूजीसी और एआईसीटीई मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के फैकल्टी हिस्सा ले सकेंगे। पात्रता के अनुसार प्रतिभागियों का स्थायी फैकल्टी होना और कम से कम तीन साल का टीचिंग अनुभव अनिवार्य है।

दरअसल, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षाविदों को टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, वार्ता कौशल और संस्थागत प्रक्रियाओं की समझ जैसे नए कौशल विकसित करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को इस प्रकार डिजाइन किया गया है, जिससे खुद का नेतृत्व, दूसरों का पोषण और संस्था निर्माण और प्रशासनिक कौशल विकसित हो सके।

Dainik Bhaskar, 12 Dec 2025, P. 07